क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना

लाड़ली लक्ष्मी पथ, जगनपुर चक, गुना (म.प्र.)—473001

Email- registrar24kttu@gmail.com

क्रमांक/17/ परीक्षा/क्रा.ता.वि./2026 **गुना, दिनांक 24/04/2026**

प्रति,

प्राचार्य/ वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष / केन्द्राध्यक्ष,
समस्त शासकीय/ अशासकीय / अनुदानित महाविद्यालय,
जिला - गुना/ शिवपुरी/ अशोकनगर ।

विषय :- परीक्षार्थियों को परीक्षा हॉल में प्रवेश पूर्व किये जाने वाले अतिआवश्यक कार्य के संबंध में ।

--00--

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि, स्नातक स्तर की विश्वविद्यालयीन परीक्षायें मार्च/ अप्रैल 2026 की विभिन्न केन्द्रों पर संचालित हो रही है । निरीक्षण में कुछ परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा कार्य सुचारू रूप से संपन्न होता हुआ नहीं पाया गया है । विश्वविद्यालय नकल विहीन परीक्षायें संपन्न कराने हेतु प्रतिबद्ध है, इस हेतु समस्त प्राचार्यो / वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष / केन्द्राध्यक्ष /वीक्षकों को निर्देशित किया जाता है कि आप अपने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों को प्रवेश देते समय निम्नानुसार कार्य करना सुनिश्चित करें ।

1. परीक्षा हॉल में प्रवेश से पूर्व समस्त परीक्षार्थियों की अच्छी तरह से तलाशी ली जावे ।
2. परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र होने पर ही परीक्षा में सम्मिलित किया जावे।
3. समस्त परीक्षार्थियों का फोटो युक्त पहचान पत्र आवश्यक रूप से जांचा जावे।
4. परीक्षार्थी परीक्षा लेखन संबंधी सामग्री के अतिरिक्त अन्य कोई सामग्री साथ न रखें ।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट बाद परीक्षा हॉल में प्रवेश न दिया जावे। अति आवश्यक होने पर संबंधित परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष से लिखित अनुमति के पश्चात ही ऐसे परीक्षार्थियों को परीक्षा हॉल में प्रवेश दिया जावे ।
6. परीक्षार्थियों पर मोबाईल फोन, स्मार्ट वॉच एवं किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रोनिक उपकरण न हो और न ही किसी परीक्षार्थियों के कोई भी इलेक्ट्रोनिक उपकरण परीक्षा कक्ष में वीक्षक द्वारा जमा कराये जावें।
7. छात्राओं की तलाशी हेतु एक अतिरिक्त कमरे की व्यवस्था रखें । छात्राओं की तलाशी आवश्यक रूप से सिर्फ महिला वीक्षक / महिला कर्मचारी द्वारा ही लिया जाना सुनिश्चित करें ।
8. परीक्षा कक्षों में सीसीटीव्ही कैमरे, विद्युत व्यवस्था, पंखे, की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें ।
9. परीक्षार्थियों को पीने के लिये शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

पुन: आप सभी को अवगत कराया जाता है कि विश्वविद्यालयीन परीक्षायें हर हाल में नकल विहीन एवं सुचारू से संपन्न कराया जाना है, इस हेतु समस्त प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष / वीक्षक पूर्ण जिम्मेदारी के साथ परीक्षा कार्य संपन्न करावें । इसके उपरांत भी किसी भी परीक्षा केन्द्र पर अव्यवस्था अथवा नकल पायी जाती है तो इसके लिये संबंधित परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य / वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष / केन्द्राध्यक्ष / वीक्षक जिम्मेदार होंगे एवं इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को नाम सहित सूचित किया जावेगा, जिसके लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे ।

(प्रो.ए.के. मुदगल)
कुलसचिव
क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना (म.प्र.)

पृ.क्रमांक/ 17 /परीक्षा/क्रा.ता.वि./2026 **गुना, दिनांक 24/04/2026**

प्रतिलिपि:-

1. निज सहायक, माननीय कुलगुरू महोदय जी की ओर सादर सूचनार्थ।
2. परीक्षा शाखा वास्ते रिकार्ड ।

(प्रो.ए.के. मुदगल)
कुलसचिव
क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना (म.प्र.)